देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 02.09.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में सेमीकॉन इंडिया–2025 का उद्घाटन किया।
- प्रदेश सरकार ने राज्य में अब तक सात हजार 500 हेक्टेयर से अधिक भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मसूरी गोलीकांड की 31वीं बरसी पर शहीद राज्य आन्दोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।
- प्रदेश में बारिश से जन–जीवन प्रभावित। देहरादून, नैनीताल, चम्पावत और ऊधमसिंह नगर जिलों के कुछ स्थानों पर आज भारी बारिश का रेड अलर्ट।

सेमीकॉन इंडिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के यशोभूमि में सेमीकॉन इंडिया–2025 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दुनिया, भारत पर भरोसा करती है और भारत के साथ सेमीकंडक्टर का भविष्य बनाने के लिए तैयार है।

श्री मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले, इस साल की पहली तिमाही के जीडीपी आंकड़े आए हैं। एक बार फिर, भारत ने हर उम्मीद, हर आकलन से बेहतर प्रदर्शन किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया की अर्थव्यवस्था में चिंताएं है, उस माहौल में, भारत ने 7 दशमलव 8 प्रतिशत की विकास दर हासिल की है।

यह तीन दिवसीय सम्मेलन देश में एक मजबूत और टिकाऊ सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने पर केंद्रित होगा। इसमें सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम की प्रगति, विनिर्माण, अनुसंधान और विकास तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में नवाचार, निवेश के अवसर, राज्य–स्तरीय नीति कार्यान्वयन संबंधी विषयों पर सत्र आयोजित किए जाएंगे।

अतिक्रमण कार्रवाई

प्रदेश सरकार ने उत्तराखंड की जनसांख्यिकीय संरचना को संरक्षित रखने के लिए अब तक सात हजार 500 हेक्टेयर से अधिक भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि यह कार्रवाई न केवल राज्य के भू–संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित करती है, बल्कि सामाजिक संतुलन और सांस्कृतिक पहचान को भी बनाए रखने में सहायक है। उन्होंने कहा कि सरकार, प्रदेश के मूल स्वरूप की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उत्तराखंड उच्च न्यायालय

नैनीताल में जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव मामले में राज्य चुनाव आयोग आगामी पांच सितंबर को देहरादून में सुनवाई करेगा। इसके लिए जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित अध्यक्ष पद के दोनों प्रत्याशियों, याचिकाकर्ता और कथित रूप से अपहरण किए गए पांच सदस्य को तलब किया गया है। यह जानकारी मामले की सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग के अधिवक्ता संजय भट्ट ने उत्तराखंड उच्च न्यायालय में दी। उन्होंने कहा कि मामले की जांच के लिए आयुक्त कुमाऊं की अध्यक्षता में भी जांच शुरु की है। इसलिए अब इस याचिका का कोई औचित्य नहीं रह गया। उन्होंने याची पक्ष से याचिका वापस लेने की सलाह दी। याची ने याचिका वापस लेने से इनकार करते हुए कहा कि वे आयोग के इस एफिडेविट का जवाब दाखिल करेंगे। सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने प्रति शपथ पत्र दाखिल करने की अनुमति देते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए नौ सितंबर की तिथि नियत की है। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंदर और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई।

मसूरी गोलीकांड श्रद्धांजलि

मसूरी गोलीकांड की 31वीं बरसी पर शहीद राज्य आन्दोलनकारियों की स्मृति में आज मसूरी में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शहीद राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों का बलिदान हमें निरंतर यह स्मरण कराता है कि उत्तराखंड केवल एक भू–भाग नहीं, बल्कि त्याग और संघर्षों से अर्जित हमारी अस्मिता, स्वाभिमान और पहचान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार, राज्य आंदोलनकारियों की महान तपस्या का स्मरण करते हुए उनके सपने के अनुरूप विकसित उत्तराखंड के निर्माण के लिए संकल्पबद्ध है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश इलाकों में बारिश के चलते जन–जीवन प्रभावित हो गया है। राज्य के पर्वतीय इलाकों में बारिश और भूस्खलन से कुछ राष्ट्रीय राजमार्ग सहित ग्रामीण क्षेत्रों के कई सम्पर्क मार्ग बाधित हैं, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि संबंधित प्रशासन की ओर से मार्गों को खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन बारिश के कारण इसमें दिक्कतें आ रही हैं। वहीं, बारिश के चलते राज्य की प्रमुख नदियों के जल स्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हल्द्वानी में गौला बैराज में लगातार पानी बढ़ रहा है। वर्तमान में 44 हजार से अधिक क्यूसेक पानी बैराज के डाउनस्ट्रीम में प्रवाहित हो रहा है। समाचार दिए जाने तक गौला नदी खतरे के निशान से करीब 20 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। उधर, बागेश्वर जिले में आठ ग्रामीण मोटर मार्ग बाधित हो गए हैं। आपदा प्रभावित क्षेत्र बैसानी में राहत व बचाव कार्य जारी है और रेस्क्यू टीमें, लापता दो लोगों की तलाश में जुटी हैं। अल्मोड़ा जिले में भूस्खलन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग क्वारब सहित ग्यारह मोटर मार्ग बाधित हैं। कोसी नदी में गाद और मलवा भर जाने के कारण शहर की पेयजल आपूर्ति भी बाधित हो गई है। चमोली जिले में बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली दर्जनों सड़कें बंद है। वहीं, शासन–प्रशासन द्वारा सुरक्षा के मद्देनज़र सभी

आवश्यक कदम उठाए गए हैं और प्रशासनिक अधिकारी लगातार स्थिति पर निगरानी बनाए हुए हैं। इस बीच, मौसम विभाग ने आज देहरादून, नैनीताल, चम्पावत और ऊधमसिंह नगर जिलों के कुछ स्थानों में आज भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा राज्य के अन्य जिलों में कहीं–कहीं तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए प्रदेश के अधिकांश जिलों में आज कक्षा एक से 12 तक के सभी स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया गया है।

प्राचार्य नियुक्त

प्रदेश शासन ने डॉ. आशुतोष सयाना को राजकीय मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर का नियमित प्राचार्य नियुक्त किया है। इस संबंध में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार की ओर से आदेश जारी किए गए हैं। डॉ. सयाना, इससे पहले प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा विभाग में निदेशक और दून मेडिकल कॉलेज, देहरादून में प्राचार्य के पद पर महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। डॉ. सयाना ने कहा कि गढ़वाल क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज की जिम्मेदारी मिलने पर यहां की जनता को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

यात्री सुविधा केंद्र

हरिद्वार जिले में नारसन विकासखंड के सकौती गांव में प्रस्तावित वे साइड अमीनिटीज यानी सड़क किनारे यात्री सुविधा केंद्र के निर्माण पर चर्चा की गई। बैठक में विकासखंड के सभी क्लस्टर लेवल फेडरेशन के पदाधिकारी शामिल हुए। जिला परियोजना प्रबंधक संजय सक्सेना ने पदाधिकारियों को यात्री सुविधा केंद्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इस परियोजना के तहत होने वाले कार्यों और फंड के उपयोग के बारे में जानकादी देते हुए कहा कि यह सुविधा केंद्र यात्रियों के लिए उपयोगी साबित होगा। जिला परियोजना प्रबंधक ने कि इस तरह के केंद्र लोगों को साफ–सुथरे वातावरण के साथ ही शौचालय, पार्किंग, जलपान और स्थानीय उत्पादों की बिक्री की सुविधा प्रदान करते हैं। यह केंद्र स्थानीय रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा।